रक्षा लेखा नियंत्रक का कार्यालय, उदयन विहार, नारंगी, गुवाहाटी- 781171
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
UDAYAN VIHAR, NARANGI, GUWAHATI- 781171
फ़ैक्स/Fax:0361-2640204 फोन/Ph: 0361-2640394, 2641142

सं. प्रशा./हि.क./97/हि. पख/जि-4

दिनांक - 28/08/2020

सेवा में

प्रभारी अधिकारी
1. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग — All Sections of M.O.
2. सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार) — All Sub- Offices (as per standard list)

विषय : <u>हिंदी दिवस / पखवाड़ा वर्ष 2020 का आयोजन</u> ।

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्य के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों/उपक्रमों/निगमों आदि में हिंदी पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है । इस आयोजन की सफलता के लिए आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित बिन्दुओं पर कार्रवाई सुनिश्चित करें :-

1. अपने अधीन अनुभागों/कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में हिंदी पखवाड़ा की अवधि के दौरान दिनांक 01.09.2020 से 14.09.2020 तक कागज पर लिखा पोस्टर लगवाएं ताकि इसे व्यापक प्रचार-प्रसार मिले ।
2. पखवाड़े के दौरान अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा, जहां तक संभव हो, अपना आद्यक्षर (Initials) हिंदी में ही करने के लिए प्रेरित करें ।
3. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त अधिकारियों / कर्मचारियों को इस अवधि के दौरान प्रयुक्त होने वाली फाइलों पर कम से कम एक पत्र की दर से अपना निपटान हिंदी में ही देने को प्रेरित करें ।
4. इस अवधि में न केवल हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दें बल्कि अंग्रेज़ी में प्राप्त पत्रों के उत्तर भी हिंदी में देने के प्रयास करें ।
5. सभी फाइलों एवं रजिस्टरों पर विषय आदि द्विभाषी में लिखवायें ।

पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है, जिसमें अधिक से अधिक अधिकारियों / कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान करें । यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि वर्तमान में व्याप्त महामारी की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों यथा- सामाजिक दूरी बनाना (maintaining Social Distancing) मास्क पहनना (Wearing Mask) आदि का पालन करते हुए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा ।

1. <u>हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता</u> :- यह प्रतियोगिता दिनांक **<u>03.09.2020</u>** को 11:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय कार्यालयीन पदों के अंग्रेज़ी एवं हिन्दी प्रारूप तथा कुछ नेमी प्रकार की टिप्पणियाँ रहेगी । प्रश्न-पत्र प्रतियोगिता आयोजन के पूर्व प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष (Training Hall / Conference Hall) में ही दिया जाएगा ।

यह प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की जाएगी- (i) हिंदी-भाषी अधिकारी/ कर्मचारियों के लिए तथा
(ii) हिंदीतर अधिकारी /कर्मचारियों के लिए ।

जारी पृ/2...

2. <u>हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता</u> :- इस संगठन में कार्यरत सभी अधिकारी/ कर्मचारी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं । यह प्रतियोगिता दिनांक **04.09.2020** को 11:00 बजे से 12:00 बजे तक प्रशिक्षण कक्ष / सम्मेलन कक्ष (Training Hall / Conference Hall) में आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता का विषय प्रतियोगियों को उसी समय दी जाएगी। यह प्रतियोगिता सभी के लिए मुक्त होगी।

इस संबंध में इस कार्यालय के दिनांक 25.07.2014 के समसंख्यक पत्र का अवलोकन करते हुए आपके कार्यालय के लिए स्वीकृत नोडल कार्यालय (Nodal Office) से संपर्क करें । अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यालय के राजभाषा अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है । प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय अधीनस्थ कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी **01 सितंबर, 2020** तक अपना नामांकन हिंदी कक्ष को प्रस्तुत करें । ***आवश्यकता पड़ने पर प्रतियोगिताओं के समय व स्थान में परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना समय रहते दी जाएगी ।***

सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन इस कार्यालय के अधिकारियों की समिति द्वारा की जाएगी तथा इनमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रतियोगियों का चयन किया जाएगा । पुरस्कार राशि संबंधी ब्यौरा निम्न प्रकार से है :-

1. प्रथम पुरस्कार /1st Prize — ₹. 2000/-
2. द्वितीय पुरस्कार /2nd Prize — ₹. 1750/-
3. तृतीय पुरस्कार /3rd Prize — ₹. 1500/-
4. सांत्वना पुरस्कार /Consolation Prize — ₹. 1000/-

-ह०-

सहायक निदेशक (रा.भा.)

प्रतिलिपि प्रेषित :-

1. मुख्य कार्यालय के सभी अधिकारी } - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
2. प्रशासन- 4 अनुभाग }
3. प्रभारी अधिकारी, ईडीपी केंद्र (स्थानीय) - र.ले.नि. गुवाहाटी के वैबसाइट में अपलोड करने हेतु।

रजत

सहायक निदेशक (रा.भा.)